# ईरान पर ट्रंप बोले : कड़े कदम उठाएंगे

## 16 दिनों में 550 मौतों पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति

**तेहरान/वॉशिंगटन, 12 जनवरी. ईरान में जारी सरकार-विरोधी आंदोलन अब वैश्विक स्तर पर फैलता नजर आ रहा है. अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ हो रही रैली के दौरान एक ट्रक भीड़ में घुस गया.**

इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले में कितने लोग घायल हुए हैं. घटना वेस्टवुड इलाके की वेटरन एवेन्यू पर हुई, जहां सैकड़ों लोग



ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च निकाल रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक अचानक तेज रफ्तार में भीड़ की ओर बढ़ा, जिससे लोग डर के मारे सड़क किनारे भागने लगे. इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर को पकड़ने की कोशिश भी की. इसी बीच ईरान में हालात और भी गंभीर होते जा रहे हैं. 16 दिनों से ईरान में हो रहे प्रदर्शन में खामेनेई शासन के खिलाफ पिछले दो हफ्तों से जारी विरोध प्रदर्शन अब लगभग 200 शहरों तक फैल चुके हैं.

### फैली अफरा-तफरी

प्रदर्शनकारियों में अफरा-तफरी फैल गई और कई लोग कुचलते-कुचलते बचे. सुरक्षा बलों पर आरोप है कि वे प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी और क्रूर दमन कर रहे हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इन घटनाओं पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि ईरान सरकार प्रदर्शनकारियों के खिलाफ रेड लाइन पार कर रही है और अमेरिका 'कड़े विकल्पों' पर विचार कर रहा है. ट्रम्प ने यह भी बताया कि ईरान अमेरिका से बातचीत करना चाहता है, लेकिन हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पहले कार्रवाई करनी पड़ सकती है.

## ग्रीनलैंड को किसी भी तरह से हासिल करेंगे

**वॉशिंगटन, 12 जनवरी.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को एक बार फिर दावा किया कि अमेरिका डेनमार्क के अधीन ग्रीनलैंड को किसी न किसी तरीके से हासिल करके ही रहेगा. श्री ट्रंप ने अपने आधिकारिक विमान एयर फोर्स वन में पत्रकारों से कहा कि ग्रीनलैंड के संबंध में वह लीज़ या अल्पकालिक व्यवस्था पर विचार नहीं कर रहे हैं, बल्कि इस क्षेत्र को अधिग्रहित करने की बात कर रहे हैं. श्री ट्रंप ने कहा, हम लीज या किसी अल्पकालिक व्यवस्था के बजाय अधिग्रहण की बात कर रहे हैं. हम इसे हासिल करने की बात कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि केवल द्वीप पर सैन्य अड्डे बनाए रखना पर्याप्त नहीं है.

# ईडी ममता सरकार के खिलाफ गई सुको

▶ कोलकाता में आई-पैक छापेमारी का मामला

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. कोलकाता में राजनीतिक रणनीतिकार संस्था आई-पैक और इसके निदेशक प्रतीक जैन के ठिकानों पर हुई छापेमारी के बाद अब कानूनी लड़ाई तेज हो गई है.**

ईडी ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. ईडी ने कोर्ट में याचिका दायर कर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, राज्य के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर पर जांच में बाधा डालने का गंभीर आरोप लगाया है. वहीं ममता सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट में ईडी के खिलाफ याचिका लगाई है.



**ईडी की मुख्य मांगें:** मुख्यमंत्री और पुलिस अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए. ईडी अधिकारियों के खिलाफ कोलकाता में दर्ज चार प्रतिशोधात्मक एफआईआर पर तुरंत रोक लगाई जाए. एजेंसी के अधिकारियों को भविष्य की कार्रवाई के लिए सुरक्षा दी जाए और जब्त किए गए डिजिटल सबूतों को सील कर फॉरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए. दूसरी तरफ, आई-पैक ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है.

### यह है पूरा विवाद

ईडी के मुताबिक 8 जनवरी को 2 हजार 7 सौ 42 करोड़ के कोयला तस्करी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रतीक जैन के आवास और आई-पैक के दफ्तर पर वैधानिक तलाशी ली जा रही थी. एजेंसी का दावा है कि इस घोटाले के करीब 20 करोड़ रुपये हवाला के जरिए आई-पैक तक पहुंचे हैं. याचिका में आरोप लगाया गया है कि छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद भारी पुलिस बल के साथ वहां पहुंचीं और केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई को रोका.

# ग्रामीण विकास हमारी प्राथमिकताएं : शिवराज

**नई दिल्ली, 12 जनवरी 2026. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अहम बैठक की.**

इस दौरान श्री चौहान ने आगामी बजट को लेकर कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विविध मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की. उन्होंने बताया कि हाल के सप्ताहों में उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों का दौरा कर प्रगतिशील किसानों, कृषि विशेषज्ञों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण उद्योगों के साथ व्यापक संवाद स्थापित किया. इन बैठकों में प्राप्त सुझावों और विचारों को उन्होंने समग्र रिपोर्ट के रूप में तैयार कर वित्त मंत्री को सौंपा. चौहान ने कहा



कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है. उन्होंने भरोसा व्यक्त किया कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 का बजट किसानों और ग्रामीण समाज के लिए प्रेरक और लाभकारी होगा. बजट में कृषि उत्पादकता, ग्रामीण उद्योग, महिला सशक्तिकरण, सहकारी संस्थाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी.

### आज गुजरात दौरे शिवराज

मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज गुजरात के भावनगर जिले के पालीताणा तालुका स्थित हणोल गांव में आयोजित आत्मनिर्भर हणोल महोत्सव-2026 में शामिल होंगे. यह गांव केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुखभाई मांडविया के सतत प्रयासों से पूज्य बापू के ग्राम स्वराज और प्रधानमंत्री के आदर्श ग्राम का जीवंत उदाहरण बन चुका है.

# सेवा तीर्थ परिसर में शिफ्ट होगा पीएमओ

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय का पता बहुत जल्द बदलने वाला है.** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विजय चौक के पास रायसीना हिल के नीचे बनाए गए सेवा तीर्थ परिसर का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब अंतिम तैयारियां की जा रही हैं. रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 जनवरी के बाद साउथ ब्लॉक से नए परिसर में स्थानांतरित हो सकते हैं.

सेवा तीर्थ परिसर सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत विकसित किया गया है. इस परियोजना के अंतर्गत नया संसद भवन और उपराष्ट्रपति एन्क्लेव पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं. इसके अलावा मंत्रालयों के लिए आठ नए कर्तव्य भवन बनाए जाने हैं, जिनमें से तीन भवनों का



निर्माण पूरा हो चुका है और कई मंत्रालय वहां शिफ्ट भी हो चुके हैं.

### दिसंबर में बदला गया नाम

नए पीएमओ परिसर को पहले 'एग्जीक्यूटिव एन्क्लेव' नाम दिया गया था. हालांकि, दिसंबर में सरकारी सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई कि इसका नाम बदलकर 'सेवा तीर्थ परिसर' कर दिया गया है. इसी दौरान देशभर के राजभवनों का नाम बदलकर लोक भवन करने का निर्णय भी लिया गया था. सेवा तीर्थ परिसर के ठीक बगल में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कार्य भी जारी है.

## बंगाल में मिले निपाह के दो संदिग्ध

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो संदिग्ध मामलों की पहचान होते ही केंद्र सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है. यह मामले रविवार को कल्याणी स्थित आईसीएमआर की वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लैब में सामने आए. निपाह वायरस की गंभीरता को देखते हुए हालात को सर्वोच्च प्राथमिकता पर संभाला जा रहा है. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर फोन पर बात कर यह आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार राज्य को हर जरूरी मदद देगी. गौरतलब है कि निपाह वायरस एक जिनेटिक बीमारी है, जो जानवरों से इंसानों में फैलती है और इसकी मृत्यु दर काफी अधिक मानी जाती है.

# अंबानी को हाईकोर्ट से झटका नोटिस रद्द करने से इनकार

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी को एक नया कानूनी झटका लगा है. दिल्ली हाई कोर्ट ने आरएचएफएल के बैंक खाते को लेकर जारी किए गए कारण बताओ नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है.**

कोर्ट ने अनमोल अंबानी से 10 दिनों के भीतर बैंक के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा है. इस मामले में हाई कोर्ट के जस्टिस जसमीत सिंह ने स्पष्ट किया कि बैंक द्वारा लिए जाने वाले किसी भी निर्णय का प्रभाव अदालत के आदेश के अधीन होगा. अनमोल अंबानी की ओर से वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि 22 दिसंबर 2025



को जारी नोटिस मूल रूप से त्रुटिपूर्ण था और सुप्रीम कोर्ट द्वारा पहले ही समाधान योजना को मंजूरी दी जा चुकी थी. बावजूद बैंक ने नोटिस जारी किया. मामले में बैंक का कहना है कि नोटिस कानूनी प्रक्रियाओं के अनुरूप है. इस विवाद से अनमोल अंबानी और आरएचएफएल के बैंकिंग रिकॉर्ड पर ध्यान केन्द्रित हुआ है.

## एक नजर में



### जर्मनी-इजरायल का साइबरडोम के लिए समझौता

**बर्लिन, 12 जनवरी.** जर्मनी और इजरायल ने संयुक्त सुरक्षा कार्य को लेकर एक समझौता किया है, जिसमें साइबर हमलों को रोकने के लिए एक जर्मन 'डोम' का निर्माण भी शामिल है. जर्मनी के द हैंडेल्सब्लाट अखबार ने की रिपोर्ट के अनुसार इस समझौते पर जर्मनी गृहमंत्री मंत्री अलेक्जेंडर डोब्रिंड्ट और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ने हस्ताक्षर किया. अखबार की रिपोर्ट के अनुसार ने स्पष्ट किया कि यह समझौता जर्मनी गृहमंत्री मंत्री अलेक्जेंडर डोब्रिंड्ट के इजराइल के दो दिवसीय दौरे के दौरान हुआ. अखबार ने बताया है कि यह सिस्टम स्वचालित रूप से साइबर हमलों और ड्रोन हमलों का पता लगाएगा और उन्हें रोकेगा. यह समझौता जर्मनी और इज़रायल के साइबर सुरक्षा क्षमताओं के घनिष्ठ एकीकरण का प्रावधान करता है.

### सुनेना शर्मा विशेष न्यायाधीश नियुक्त



**नई दिल्ली, 12 जनवरी.** उच्चतम न्यायालय ने देशभर में कोयला ब्लॉक आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए सोमवार को न्यायिक अधिकारी सुनेना शर्मा को विशेष न्यायाधीश नियुक्त किया. मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आवेदन पर पारित किया. आवेदन में कहा गया था कि वर्तमान विशेष न्यायाधीश संजय भंसाल चार वर्ष से अधिक समय से इस पद पर कार्यरत हैं और अब उनके स्थान पर नयी नियुक्ति की आवश्यकता है. न्यायालय ने इसे स्वीकार करते हुए कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने औपचारिक रूप से न्यायमूर्ति भंसाल को इस जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था और दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा के तीन अधिकारियों के नाम एक सीलबंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय के समक्ष विचार के लिए रखे थे.

### कुरीद द्वीप समूह में भूकंप के तेज झटके

**मास्को, 12 जनवरी.** कुरील द्वीप समूह के उत्तर-पश्चिम में सोमवार को तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये. जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया सोमवार को 01.52 बजे महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.4 मापी गयी. इसके केंद्र 404.9 किलो मीटर की गहराई 47.51 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 147.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में था.

# युवा भारत की शक्ति हैं स्वामी विवेकानंद


### विवेकानंद जयंती पर केजरीवाल का प्रेरणादायी राष्ट्र संदेश

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर देशभर में युवा शक्ति, राष्ट्रनिर्माण और आत्मनिर्भर भारत जैसे विषयों पर चर्चा तेज हो गई है.**

इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने भी महान विचारक और संत स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक भावनात्मक और प्रेरणादायी संदेश साझा किया. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रसेवा का रास्ता दिखाया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सौ साल पहले था. केजरीवाल का यह संदेश ऐसे समय आया है जब देश का युवा वर्ग नई चुनौतियों, प्रतिस्पर्धा और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य का सामना कर रहा है. ऐसे में विवेकानंद के विचारों को फिर से याद करना और उन्हें जीवन में उतारना एक नई ऊर्जा देने वाला साबित हो सकता है.

> अरविन्द केजरीवाल ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर अपने संदेश में जिस तरह से युवाओं, चरित्र निर्माण और राष्ट्रसेवा को केंद्र में रखा, उसने उनके विचारों की गहराई को एक बार फिर उजागर कर दिया. उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र और देशसेवा का मार्ग दिखाया और उनके विचार आज भी भारत को एकजुट, सशक्त और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं. विवेकानंद केवल एक संत या विचारक नहीं थे, बल्कि वह ऐसे युगपुरुष थे जिन्होंने भारत की आत्मा को जगाने का काम किया. उन्होंने दुनिया को यह बताया कि भारत केवल आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि बौद्धिक और नैतिक रूप से भी मजबूत राष्ट्र है. केजरीवाल का संदेश इसी सोच को आगे बढ़ाता नजर आता है, जिसमें युवा भारत को आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार बनने का आह्वान छिपा है.







## न्यूयॉर्क में आईसीई के खिलाफ उतरे हजारों लोग सड़कों पर

**न्यूयॉर्क.** अमेरिका के न्यूयॉर्क में हजारों प्रदर्शनकारियों ने मिनियापोलिस में रेनी गुड नाम की महिला की आइस एजेंट के हाथों हुई हत्या के खिलाफ सेंट्रल पार्क से लेकर मैनहट्टन तक मार्च निकाला और ट्रंप प्रशासन का विरोध किया.

# करूर भगदड़ केस : टीवीके प्रमुख विजय सीबीआई मुख्यालय पहुंचे

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. तमिलनाडु के राजनीतिक दल तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख और प्रसिद्ध तमिल अभिनेता विजय, कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार को करूर भगदड़ मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई के समक्ष पेश हुए जहाँ जांच टीम ने उनसे पिछले साल हुई उस दुखद घटना के बारे में विस्तार से पूछताछ की.**

सीबीआई ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 179 के तहत नोटिस जारी कर श्री विजय को जांच में शामिल होने के लिए राष्ट्रीय राजधानी बुलाया था. जांच एजेंसी इस बात की पड़ताल कर रही है कि रैली के



दौरान सुरक्षा मानकों और भीड़ नियंत्रण के उपायों का पालन किया गया था अथवा नहीं. उल्लेखनीय है कि पिछले साल 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में श्री विजय की एक बड़ी राजनीतिक रैली के दौरान अचानक भगदड़ मच गई थी. इस हादसे में 41 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे.

# लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं : योगी

### सड़क सुरक्षा के लिए 'सीएम की पाती'

**लखनऊ, 12 जनवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की है.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली जानहानि अत्यंत दुखद है और लापरवाही व नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष हजारों लोग असमय अपनी जान गंवा देते हैं, जिससे अनेक परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट जाता है. उन्होने बताया कि 31 जनवरी तक प्रदेश भर में 'सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन किया



जा रहा है. यह अभियान नागरिकों के सुरक्षित भविष्य और परिवारों की रक्षा के संकल्प के साथ चलाया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के सड़क व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या को शून्य स्तर तक लाया जा सके. योगी ने बताया कि प्रदेश के 20 दुर्घटना-संवेदनशील जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है.

> राज्यभर में 3,000 से अधिक ऐसे स्थानों को चिह्नित किया गया है, जहां दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है. यह अभियान शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपात देखभाल जैसी प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित है. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सड़कें सभी के लिए सुरक्षित हों, इसके लिए पुलिस नियमों को सख्ती से लागू करेगी. वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न केवल स्वयं के लिए, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए घातक हो सकता है. उन्होंने गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और हेलमेट व सीट बेल्ट को अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की.

## आज का इतिहास

**1607**- स्पेन में दिवालिया होने की घोषणा के बाद 'बैंक ऑफ जेनेवा' का पतन हुआ।

**1709**- मुगल शासक बहादुर शाह प्रथम ने सत्ता संघर्ष में अपने भाई कमबख्श को हैदराबाद में पराजित किया, जिसकी घायल होने के कारण बाद में मौत हो गई।

**1818**- उदयपुर के राणा ने मेवाड़ राज्य को संरक्षण प्रदान करने के लिए ब्रिटिश सरकार के साथ संधि की।

**1849** - द्वितीय आंग्ल सिख युद्ध के दौरान चिलियांवाला की प्रसिद्ध लड़ाई शुरू हुई।

**1889** - असमी युवकों ने अपनी खुद की साहित्यिक पत्रिका 'जानकी' शुरू की।

**आयोजन** | जेएनयू दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने शिक्षा और चरित्र निर्माण पर दिया जोर

# युवा ज्ञान और कौशल राष्ट्र को समर्पित करें

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने युवाओं से बौद्धिक ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया.**

श्री राधाकृष्णन ने यहां सोमवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये यह आह्वान किया. उन्होंने विवेकानंद की जयंती पर उनकी शिक्षाओं का स्मरण करते हुए युवाओं से कहा कि उन्हें शिक्षा अर्जित करने के साथ चरित्र निर्माण के प्रति कुशाग्र होना चाहिए और अपने पैरों पर खड़े



होने के लिए खुद को सशक्त बनाना चाहिए. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण ही भारत के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में सक्षम बनाएगा. श्री राधाकृष्णन ने भारत की ज्ञान की सभ्यतागत परंपरा पर प्रकाश डालते हुए नालंदा और तक्षशिला जैसे प्राचीन शिक्षण केंद्रों का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि भारतीय धर्मग्रंथों और क्लासिक्स, उपनिषदों और भगवद् गीता से लेकर कौटिल्य के अर्थशास्त्र और तिरुवल्लुवर के तिरुक्कुरल तक ने लगातार सीखने को सामाजिक और नैतिक जीवन के केंद्र में रखा है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सच्ची शिक्षा आचरण और चरित्र को आकार देती है, और यह केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है.

> श्री राधाकृष्णन ने इस बात पर जोर दिया कि आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक मूल्यों को एक साथ विकसित होना चाहिए. उन्होंने जेएनयू के लोकतांत्रिक लोकाचार का जिक्र करते हुए कहा बहस, असहमति और यहां तक कि टकराव भी स्वस्थ लोकतंत्र के आवश्यक तत्व हैं. लेकिन ऐसी प्रक्रियाओं को अंततः निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना के अनुसार मातृभाषाओं में ज्ञान का विकास होना चाहिए.

## बर्ड हिट के कारण इंडिगो का विमान रात में वाराणसी डायवर्ट

**वाराणसी, 12 जनवरी.** गोरखपुर से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-437 पक्षी (बर्ड हिट) से टकराने के कारण लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, वाराणसी में डायवर्ट कर दी गई. इस विमान में 216 यात्री सवार थे. सभी को सुरक्षित उतारा गया. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, उड़ान के दौरान विमान के अगले हिस्से में पक्षी टकराया, जिससे नोज सेक्शन को नुकसान पहुंचा. विमान की प्रारंभिक तकनीकी जांच में नोज सेक्शन में हल्की दरार मिली. पायलट ने तुरंत एटीसी से संपर्क किया और सुरक्षा के मद्देनजर विमान को निकटतम हवाई अड्डे वाराणसी में सुरक्षित उतारा.

# ईडी ने जालसाज को किया गिरफ्तार

## 5978 करोड़ रुपए का निवेश जुटाया था

**नई दिल्ली, 12 जनवरी. ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही एक महत्वपूर्ण जांच में हस्तक्षेप और बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करने के आरोप में सोमवार को कल्याण बनर्जी नामक एक जालसाज को गिरफ्तार किया.**

आरोपी बनर्जी को विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 23 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. ईडी के अनुसार, यह मामला नोहेरा शेख और अन्य के खिलाफ दर्ज विभिन्न प्राथमिकियों पर आधारित है. पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि नोहेरा शेख और उसके सहयोगियों ने सालाना 36 प्रतिशत से अधिक रिटर्न का लालच देकर जनता से 5,978 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश जुटाया था. निवेशकों को न तो मुनाफा मिला और न ही उनकी मूल राशि वापस की गयी, जिससे हजारों लोग ठगी का शिकार हुए. जांच में पाया गया कि नोहेरा शेख ने अपराध से हुई कमाई का उपयोग अपने, अपनी कंपनियों और रिश्तेदारों के नाम पर विभिन्न अचल संपत्तियां खरीदने के लिए किया था. इस मामले में ईडी अब तक लगभग 428 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है.

> ईडी ने पीड़ितों को राहत देने के उद्देश्य से कुर्क की गयी संपत्तियों की नीलामी के लिए उच्चतम न्यायालय में आवेदन किया था. उच्चतम न्यायालय की मंजूरी के बाद, एमएसटीसी के माध्यम से नीलामी प्रक्रिया शुरू की गयी, हालांकि नोहेरा ने बार-बार इस प्रक्रिया को रोकने का प्रयास किया. हाल ही में पांच जनवरी को होने वाली नीलामी के खिलाफ तेलंगाना उच्च न्यायालय में दायर उसकी याचिका को न्यायालय ने न सिर्फ खारिज कर दिया, बल्कि आरोपियों पर पांच करोड़ रुपये का अनुकरणीय जुर्माना भी लगाया. न्यायालय ने यह राशि प्रधानमंत्री राहत कोष में जमा करने का निर्देश दिया है. नोहेरा ने कानूनी मोर्चे पर नाकामी हाथ लगने के बाद कथित तौर पर कल्याण बनर्जी को मासिक वेतन के आधार पर काम पर रखा.